गांवों मे इस बात की बड़ी चर्चा है। अगर गांवों में किसी तरह से रिकार्ड मेनटेन करवा दिया जाये, रिकार्ड ऑफ राईट्स हो जाए तो गांवों के गरीब लोगौं को आसानी हो जाये। हर गांव का नक ा ठीक बना दिया जाए तो बैंकों से पैसा लेने में उनको तकलीफ नहीं होगी। वे अपना घर का नक ा दिखा कर पैसा ले लें।

जहां तक इंडस्ट्री लगाने का संबंध है इंडस्ट्री भी एग्रीकल्चर के बिना नहीं चलेगी। हरियाणा में जितना भी ज्यादा

से ज्यादा पैसा एग्रीकल्चर पर लगाया जायेगा उतनी ही ज्यादा इंडस्ट्री बढ़ेगी। इंडस्ट्री बढ़ेगी तो लेबर को पैसा मिलेगा और अन–एम्पलायमैंट दूर होगीं। एग्रीकल्चर पर पैसा ज्यादा लगेगा तो फूडग्रेन बढ़ेगा जिससे भूखमरी दूर होगी।

पिछले तीस साल में मेरे दे ा ने जो रैपुटे ान कमाई है वह कोई अच्छी नहीं कमाई। हम एक पेटैन्ट बगैर दूसरे दे ाों मे माने गये है। बेसिक डिवैल्पमैंट एग्रीकल्चर की होनी चाहिए। बेसिक डिवैल्पमैंट का सिद्धांत जो हर मुल्क में रहा है वही हरियाणा में भी होना चाहिए। हरियाणा में भी एग्रीकल्चर पर अधिक से अधिक पैसा दिया जाना चाहिए। मैं और ज्यादा नहीं कहना चाहता परन्तु जितना अमाउन्ट किया गया है वह कुछ भी नहीं है। एग्रीकल्चर को एक्सप्लाएट न किया जाये। जो भी हाउस में मैंम्बर खड़ा हेाता है वही किसान को लेकर एक्सप्लाएटे ान करता है। एक्सप्लाएटे ान नहीं होनी चाहिए। वर्ल्ड बैंक का भी सिद्धांत है और दुनिया के जितने भी डिवैल्पड कंट्रीज है उनका भी सिद्धांत है कि एग्रीकल्चर बढ़ जाएगी तो मुल्क में इंडस्ट्री भी बढ़ जाएगी। एग्रीकल्चर नहीं बढ़ेगी तो इंडस्ट्री भी नहीं बढ़ेगी, इंडस्ट्री नहीं बढ़ी तो रोजी–रोटी लेगों को नहीं मिलेगी, दे ा में स्टारवे ान रहेगी। तो हमको इस सिद्धांत को हरियाणा में पहले नम्बर पर लाना चाहिए। हमारा जितना भी बजट है उसका ज्यादा से ज्यादा हिस्सा एग्रीकल्चर पर

खर्च होना चाहिए। इसलिए यह जो डिमांड नम्बर 17 है यह दे ा के गरीब लोगों के हित में है।

श्री मांगे राम गुप्ता(जींद): डिप्टी स्पीकर साहब, आपने मेरे को सप्लीमैंटरी डिमान्डज पर बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं।

डिमांड नम्बर 9 ऐजुके ान के बारे में है। हमारा दे ा प्रजातंत्र दे ा है और हरियाणा में भी डैमोक्रेसी है। डैमोक्रेसी सही मायनों में वही है जिसमें अपोजी ान के साथ वैसा ही व्यवहार हो जैसा कि रूलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ होता है क्योंकि अपोजी ान कबे सदस्य भी अपने हल्के की नुमाइन्दगी करते है। अपोजी ान के सदस्यों का भी यह कर्तव्य होता है कि वे अपने हल्के की डिमान्डज को सरकार के सामने रखें तो रूलिंग पार्टी उन मांगों पर विचार करके स्वीकार करे। इस प्रकार से डैमोक्रेसी अच्छी प्रकार से चल सकती है।

डिप्टी स्पीकर साहब, जैसा कि आपको मालमू है और मैं बड़े फख्र के साथ कह सकता हूं कि हरियाणा में जिला जींद में सही मायनों में डैमोक्रेसी है। वह सरकार के पीछे लगने वाला जिला नहीं है। कांग्रेस राज मैं भी यही बात रही है। वहां पर अपोजी ान के मैम्बरों की तादाद हमे ाा फर्स्ट रही हैं। वे हमे ाा अपनी मांग पूरी करवाने की कोि ा ा करते है। जनता सरकार के टाईम पर भी जिला जींद से सबसे अधिक मैंबर बन

कर आये है। इसका मतलब यह हुआ कि जिला जींद आपोजी ान के रोल को डैमोक्रेसी में जरूरी समझता हैं जिला जींद अपोजी ान में सबसे ज्यादा मजबूत होकर आपके सामने बैठा है। जनता पार्टी ने यह वि वास लोगों को दिलाया था कि पिछली सरकार ने जो डैमोक्रेसी का गला घोंट दिया था, लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया था उसको दूर किया जाएगा। कांग्रेस राज में अपोजी ान के मैम्बरों को इतनी भारी तकलीफ हुई जिसके बारे में ब्यान नहीं किया जा सकता। जनता पार्टी ने वि वास दिलाया था कि इस भेदभाव को समाप्त किया जाएगा।

चौधरी संत कंवरः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैम्बर साहब डिमान्ड पर बोल रहे है या जनता पार्टी पर बोल रहे है।

श्री उपाध्यक्षः आप डिमान्डज पर बोलिए। समय थोड़ा है। आपको केवल पांच मिनट दिए गए है।

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब, आज हमें आ ाा है कि जनता पार्टी पिछली रिवायात को छोड़ते हुए हमारी मांगों को जिस हल्के की हम नुमाइन्दगी करते है उनको ध्यान में रखते हुए पूरा करने की कोि ा ा करेगी।

डिमांड 9 के तहत 65 लाख रूपया रोहतक यूनिवर्सिटी के लिए दिया जा रहा है। हमें यह पैसा देने में कोई नराजगी नहीं हैं। हमें तो नाराजगी यह है कि जो लड़के कालेज में

एजुके ान लेना चाहते है उनके अंदर कितनी ज्यादा अन–एम्पलायमैंट बढ़ चुकी हैं, जिसके विशय में ध्यान नहीं किया जा सकता है। एम0ए0, एल0एल0बी0 करने के प चात भी छोटी–छोटी नौकरियां मिलती हैं। दो सौ रूपए की नौकरी के लिए मारे–मारे फिरते है। म्युनिस्पैलिटी की नौकरियों के लिए मोहरिर की पोस्ट के लिए एम0ए0, बी0ए0 पास लोग मारे–मारे फिरते है। जब तक नौजवानो को टैक्नीकल एजुके ान नहीं मिलेगी तब तक उनका भला होन वाला नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, आज के दिन नौकरी मिलनी बड़ी कठिन हो गई है। आज कोई चाहे ला की डिग्री ले ले, चाहे ओवरसियर बन जाए, चाहे एम0फिल0 की डिग्री ले ले, चाहे पी0एच0डी0 की डिग्री ले लें लेकिन नौकरी नहीं मिलती है। किसी भी कालेज में या सूनिवर्सिटी में जहा पर हायर एजुके ान के लिए क्लासिज लगती हैं वहां पर उसी कालेज के स्टुडैंटस को एडमी ान के समय पांच परसैंट मार्क्स एक्सट्रा मिलते है। मैरिट के हिसाब से एडमि ान नहीं हो पाता हैं क्योकि उस कालेज के स्टुडैंट को पांच परसैंट की रियायत मिल जाती है इसलिए मेरे जिले में कोई ऐसी डिग्री नहीं है और न ही कोई ऐसा टैक्नीकल कालेज है, जिसमें लड़के एडमि ान ले सकें रोहत यूनिवर्सिटी में जिला जींद के स्टुडैंट ने एम0फिल0 में दाखिला लेना था। उसका मैरिट में 14वां नम्बर था लेकिन पांच परसैंट का कनसै ान मिलने से 22वां नम्बर हो गया। अभी तक उस लड़के को दाखिला नहीं मिला है। यह लड़का हिंदी एम0ए0 का स्टुडैंट है और कालेज के अन्दर फर्स्ट स्टैंड

किया था। पांच परसैंट की रियायत देने से जिन जिलों में कोई भी टैक्नीकल लाईन का कालेज नहीं है उन जिलों के लड़कों को एडमि ान नहीं मिल पाता है। मेरे जिला जींद के लड़के ऐसे कालेजों मैं दाखिला लेने से महरूम रह जाते है। इसलिए डिप्टी स्पीकर साहब, आपके जरिए निवेदन करूंगा कि सरकार को कोई खर्च भी नहीं करना पड़ेगा और बहुत छोटी सी बात है हमारे यहां गवर्नमैंट कालेज में हिंदी एम0ए0 की क्लासिज लगती है वहां पर एम0फिल0 की क्लासिज खोल दी जाएं तो बड़ी मेहरबानी होगी। वहां पर न कोई बिल्डिंग की जरूरत है और न ही सरकार पर कोई खर्च पड़ेगा वहां पर ये क्लाजिस चालू की जानी चाहिए ताकि दूसरी जगहों से महरूम न रहें

डिप्टी स्पीकर साहब, एग्रीकल्चर की डिमांड परमेरे से पहले बोलने वाले मानलीय सदस्य काफी रो ानी डाल चुके है। मैं इस बारे में एक ही बात कहूंगा कि मेरे हल्के में ओलावृश्टि के कारण 25–30 गांवों को बहुत नुकसान हुआ है। यह किसी का किया हुआ नुकसान नहीं है, यह तो भगवान की मर्जी है। मैं इसमें सरकार को दोश नहीं बताता हूं। औलों के कारण उनकी सारी की सारी फसल बरबाद हो गई और मकान भी बरबाद हो गए है। वहां पर बारि ा इतनी हुई है कि बाहर निकलने के लिए रास्ता भी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब पिछले सै ान में हमारे मिनिस्टर महोदय ने वि वास दिलाया था कि छोटी–छोटी ड्रेन्ज गांवों में बनाई जा रही है ताकि फ्लड से गांवों को नुकसान न

पहुंचे। मैंने प्र न भी पूछा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि यह काम छः महीने तक पूरा हो जाएगा। मैं तो यह कहूंगा कि यदि सरकार को गांवों के लोगों की हैल्प चाहिए तो वे भी हैल्प करने के लिए तैयार है। मैं आप के द्वारा सरकार से निवेदन करूंगा कि जिस तरह से ड्रेनों की वजह से मेरा इलाका इग्नोर हुआ है अगले साल भी इग्नोर न हो जाए। इन 20 गांवों की फसल बिल्कुल बरबाद हो गई है। उनके पास कोई सहारा नहीं है। अगर यह ड्रेन नहीं बनायी गई चाहे बारि ा थोड़ी हो या ज्यादा हो, तो ये 20 गांव बरबाद हो जाएंगे। यहां पर मुख्य मंत्री महोदय भी बैठे हुए है। वे भी किसानों के हमदर्द है, मैं उनसे भी दरखास्त करना चाहता हूं कि जब भी किसी हल्कें की डिमान्ड हो उसके बारे में उस हलके के नुमाइन्दे को कान्फीडैन्स में लिया जाए। दूसरे जो डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर हाई लैवल आफिसर्ज है जिनके हाथों में ला एंड ऑर्डर है या कोई किसानों की भलाई का काम है उनको हिदायत करें कि वहां के नुमाइंदे से सलाह अव य करें। जैसे कई गांवों ओलावृश्टि से बरबाद हो गए या कोई ला एंड आर्डर की सिचुए ान खराब है तो ऐसे मौके पर तो अव य हिदायत कर कि आफिसर्ज वहां के नुमाइंदे से अव य सलाह करें

16.00 बजे मुझे यह वि वास है कि वह हरेक हलके के अंदर चाहे वहां का एम0 एल0 ए0 किसी भी पार्टी से ताल्लुक रखता है, उसको कान्फीडैंस में लेकर हलके के लोगो की जो तकलीफे हैं उनको दूर करने में आप हमारे लोगों से सहयोग लेने

की कोि ा ा करेंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, आप समय देख रहे है, मैं पहल ही जल्दी कर रहा हूं। मुझे कल भी समय नहीं मिला था और आज मैं आपके हुक्म के अनुसार ही चलने की कोि ा ा कर रहा हूं। इसलिए मैं ज्यादा समय न लेते हुए अपने मुख्य मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं और यह आ ाा करता हूं कि जो दो–तीन बातें मैंने एजुके ान और एग्रीकल्चर के बारे में कहीं है, उनकी तरफ पूरा–पूरा ध्यान देंगे। मैं इस वि वास के साथ अपना स्थान लेता हूं।

स्वामी अग्निवे ा(पुडरी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अनुपूरक अनुमानों की मांग संख्या 8, 9, 12 और 13 के बारे में अपने विचार रखना चाहता हूं। इस प्रकार की जो अनुपूरक मांगे और बजट आदि रखा जाता है, इससे ने केवल कुछ काम करने के लिए पैसे की मांग पूरी की जाती है बल्कि इससे किसी भी सरकार के चरित्र का पता चलता है कि सरकार किन नीतियों पर चल रही है। इससे यह भी पता चलता है कि सरकार किन चीजो पर किस प्रकार से और कितना जोर डालना चाहती है। मुझे यह सारा कुछ पढ़कर कुछ थोड़ी निरा ाा हुई है। मांग संख्या 8 के अन्तर्गत हमारी सरकार मुआवजा देना चाहती है। जहां भी हमारी सरकार ने कुछ सार्वजनिक कार्य करने का फैसला किया और वह सार्वजनिक कार्य करने के लिए उसने भूमि अधिग्रहण की, वहां पर उन्होंने जो कुछ थोड़ा बहुत मुआवजा दिया था, भूमि स्वामी उसके खिलाफ न्यायालयों के अन्दर चले गये और न्यायालय में जाकर

उन्होंने उस मुआवजे की रकम कुछ अधिक बढ़वा ली। आप सब को पता है कि जब जनता पार्टी की सरकार केंद्र में आयी और प्रान्तों में आयी तो जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोशणा–पत्र में यह वायदा किया था कि संविधान के अंतर्गत जो सम्पत्ति का मौलिक अधिकार प्राप्त है, उसे समाप्त किया जाएगा। उसको समाप्त करने के लिए अब 45 वां संविधान सं ाोधन विधेयक आन जा रहा है जो लोक सभा में इसी सत्र में पारित हो जाएगा। उसके अन्तर्गत सम्पति का मौलिक अधिकार समाप्त हो जाता है। जब सम्पत्ति का मौलिक अधिकार समाप्त हो जाता है तो इस प्रकार से हमें मुआवजा देने की बात समाप्त हो जाती है जिस प्रकार से हमें न्यायालय बाधित करते है कि हम मार्किट रेट पर ही मुआवजा दें। हालांकि वह कार्य सार्वजनिक हित के लिए होता है, जनता की भलाई के लिये होता है। हमें अभी तक कामि र्यिल रेट्स पर मुआवजा देना होता है। मैं यह समझता हूं कि हमारी सरकार को फिलहाल कोई भूमि सार्वजनिक कार्य के लिए अधिग्रहण नहीं करनी चाहिए। जैसे ही यह मौलिक अधिकार समाप्त हो जाये तो उसके बाद सार्वजनिक कार्यों को करने की जिम्मवारी लेकर कम से कम मुआवजा या बिना मुआवजा दिए, भूमि अधिग्रहण करने का हमें पूरा अधिकार होगा। सार्वजनिक कामों के लिये तो मेरा यह सुझाव है। दूसरी बात ि ाक्षा के बारे में मैं यहां पर कहना चाहूंगा। 65 लाख रूपया हमारी सरकार महर्शि दयानंद यूनिवर्सिटी को देने जा रही है। (एक आवाजः दे दिया गया है) हां जी, दे दिया गया है। अब यह प्र न पैदा होता है

कि वि वविद्यालयों की जो ि ाक्षा है, वह सब से ऊपर की ि ाक्षा हैं। ि ाक्षा के मामले में जो हमारे अपैक्स इंस्टीच्यू ान्ज है इनको प्राथमिकता दी जाये या कि प्राइमरी एजुके ान को। ि ाक्षा के विशय में जितने भी पिछले कमी ान बैठे है आप किसी की रिपोर्ट पढ़ लें, कोठारी कमी ान की रिपोर्ट चाहे आप पढ़ ले या चाहे आप तारकुण्डे कमी ान की रिपोर्ट पढ़ लें। हर एक रिपोर्ट के अन्दर यह दिया हुआ है कि अगर प्राइमरी स्कूल के अन्दर 100 विद्यार्थी दाखिल होते है ते एक बच्चा ही पोस्ट ग्रेजुएट लैवल तक पहुंच पाता है। 100 मेें से एक को वहां तक पहुंचाने के लिए आप हर दो–तीन महीनें के बाद करोड़ों रूपया खर्च करने की मांग पे ा करते है। आज जहां से बच्चे पढ़ाई भाुरू करते है, यानि प्राइमारी स्कूलों की हालत बड़ी दयनीय है। इतनी बुरी हालत है, उपाध्यक्ष महोदय, आप किसी गांव मैं जाकर देखें। एक कमरे के अन्दर 5 कक्षाओं के विद्यार्थी बिठाए गए है। यानी सिंगल रूम स्कूल है, एक कमरे में स्कूल चल रहा हैं और मास्टर भी वहां पर पढ़ाने वाला एक ही है। वही टीचर पहली को पढ़ाता है, वही टीचर दूसरी को पढ़ाता है, वहीं तीसरी को पढ़ाता है, वहीं चौथी को पढ़ाता है और वही पांचवी को पढ़ाता है। उसके साथ ही स्कूलों की बिल्डिंगे आप जाकर देखिये। ऐसी है कि 90 प्रति ात बरसात में टपकती है। जो हमारे प्राइमारी स्कूलों की बिल्डिंगें है, वे अकसर बरसात में टपकती आपको मिलेंगी। बैठने के लिए फ ा ठीक नहीं है। बरसात अच्छी खासी हो जाए तो मास्टर जी छुट्टी कर देते हैं। गर्मी की छुट्टियां अभी होकर

हटी है।, उसमें पहले दो अढ़ाई महीने खराब गये। अब बरसात में अनऔफिि ायल ढंग से उनकी छुट्टी हो जाती है क्योंकि बरसात में बच्चों के बैठन के लिए कोई जगह वहां पर नहीं हैं। मेरे दे ा के फूल से कोमल बच्चे, किसान मजदूर के छोटे–छोटे बच्चे जिनका सबसे पहला हक बनता है कि वे भारतीय नागकि होने के नाते संविधान के अन्तर्गत उनके लिए जो ि ाक्षा अनविार्य की गई है कि 6 साल से लेकर 14 वर्श तक की आयु के बच्चों के लिए ि ाक्षा अनिवार्य होगी उनका यह हाल हो रहा है। इतना कुछ संविधानिक गारंटी होने के बावजूद उनके लिये सुविधायें क्या है? सुविधायें उनके लिए बिल्कुल नहीं के बराबर है। दूसरी तरफ आप वि ववविद्यालय में जायें। आप कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कैम्पस को जाकर आप देखें। आप हिसार यूनिवर्सिटी के कैम्पस को जाकर देखिये। उसी की नकल पर आप रोहतक यूनिवर्सिटी का कैम्पस तैयार करवाना चाहते है। मैं यह कहता हूं कि हिन्दुस्तान में तो क्या इन यूनिवर्सिटीयों के कैम्पस को अगर आप किसी अमेरिकन यूनिवर्सिटी से कम्पेयर करेंगे तो वह भी इतनी अधिक सुन्दर नहीं है, भाानदार नहीं है। यह बड़े–बड़े ि ाक्षाविदों की राय है जो विदे ाों में कई बार घूमकर आये है। आखिर हम चाह क्या रहे है? मैं यह नहीं कहता हक आप भाानदार बिल्डिंग न बनाओ। पहले हमने यह देखना है कि हमारी प्राथमिकता क्या है? प्राइमरी स्कूलों के अन्दर तो पीने का पानी भी नहीं है और आप प्राथमिकता देते हो हायर एजुके ान को। मुझे कुछ समय तक ि ाक्षा बोर्ड के अन्दर सेवा करने का अवसर

मिला था। उस दौरान में मैंने जब भी जाकर गांव में देखा, बड़ी ही दयनीय परिस्थिति थी। इन स्कूलों के अन्दर बच्चे कड़कती सर्दी के अन्दर, जब हम बिना जूते के वाहं पर खड़े नहीं हो सकते ाि, उस समय हमारी छोटी–छोटी बहिनें बेचारी नगे फ र्ा पर बैठ कर पढ़ाई करती थीं, बैठने के लिए हम उनको फटा हुआ टाट नहीं दे सकते, पीने का पानी हम नहीं दे सकते, खेलने का सामान हम नहीं दे सकते, खेलने के लिए ग्राउंड नहीं दे सकते, बिजली नहीं दे सकते, पंखे नहीं दे सकते, जो वहां प्राइमरी सुविधायें होनी चाहिए जैसे यूरिनल की, वे हम नहीं दे सकते, बाउंडरी वाल हम नहीं दे सकते। इतनी दयनीय स्थिति होने के बावजूद हम अपनी सूनिवर्सिटीज को ग्लैमर का सैंटर बना दे, एक आकर्शण का केंद्र बना दें और उन पर बेतहा ाा पैसा खर्च करते चले जायें, इसका कहां तक औचित्य है? यदि हमारे यहां पर प्राइमरी स्कूलों की हालात अच्छी हो, फिर तो हम बे ाक कालेजों पर खर्च करते जायें, बे ाक यूनिवर्सिटज एजुके ान पर खर्च करते जायें। वरना क्या होगा? जो आप उल्टा पिरामिड तैयार करते जा रहे है, जो आप उल्टा खड़ा करना चाहते है, वह खड़ा नहीं रह सकता, वह ढ़ह जायेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने कलकता यूनिवर्सिटी अव य देखी होगीं वहां पर मुझे दस–बारह साल तक ि ाक्षा ग्रहण का अवसर मिला है। भाहर के बीच में वह एक छोटी सी बिल्डिंग है। भारत की वह सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी है लेकिन उसके पास अपना

कोई कैम्पस नहीं है। आखिर यूनिवर्सिटी का काम क्या होता है। किसी भी यूनिवर्सिटी का काम यह नहीं है कि वहीं पर सारे कालिज हों और वहीं पर पढ़ाई हो। हरियाणा के जितने कालिज है वे सब रोहतक और कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी से ऐफिलेटिड है, इनसे संबंधित है। फिर क्या जरूरत है कि इन यूनिवर्सिटियों के इतने भाानदार कैम्पस बनाए जाएं, इनके ऊपर कितना पैसा खर्च किया जाए। इनका केवल मात्र कार्य एग्जामिने ान लेना तथा रिजल्ट डिक्लेयर कर देना है। आप देखिए जैसे हरियाणा ि ाक्षा बोर्ड है वह प्राइमरी, मिडल, हाई स्कूल और हायर सैकेंडरी कक्षाओं की परीक्षाएं लेता है और उनका रिजल्ट डिक्लेयर करता है। उसके पास कोई कैम्पस नहीं है, एक छोटा सा दफ्तर है। यूनिवर्सिटी का तो काम केवल एग्जामिने ान लेना और रिजल्ट डिक्लेयर करना है। पढ़ाई का काम तो कालिजिज में होता है। हां अगर पोस्ट ग्रेजुएट क्लासिज चलानी हों तो कुछ किया जाना चाहिए लेकिन फिर भी इतनी भाान भौकत की कोई आव यकता नहीं है। आज एक प्रौफेसर और स्कूल मास्टर की तनख्वाह में कितनी असमानता है। एक प्रौफेसर को अढ़ाई हजार रूपया तनखाह मिलती है। अढ़ाई हजार रूपया लेने वाला प्रौफेसर अढ़ाई या तीन घंटे पढ़ाता है और दूसरी तरफ एक स्कूल का मास्टर है जो सुबह से लेकर भाम तक लगा रहता है। उसकी तनखाह एक प्रौफेसर के मुकाबले में बहुत कम है। मेरा कहना तो यह है कि अखिर कोई समानता तो होनी चाहिए। एक जो स्कूल का टीचर है उसने बच्चों का निर्माण करना है, उनके संस्कारों को

बदलना है। उन्हीं बच्चों ने दे ा का भावी नागरिक होना है। तो जहां पर बच्चों के संस्कार बदलने का काम होता हैं, बच्चों को सुधारना है वहों पर तो बहुत कम पैसा खर्च किया जा रहा है और ऊपर वि ववि्यालय पर बहुत खर्च किया जा रहा है। आज ि ाक्षा में आमूल परिवर्तन करने की जरूरत है। यह जो अनुपूरक मांग आई है उसको देखकर मुझे बड़ी हैरानी हुई है। इस मांग द्वारा 65 लाख रूपया देने की मंजूरी मांगी गई है। यह 65 लाख रूपया दिया जा चुका है। यह रूपया किस चीज पर खर्च किया होगा। अगर वहां जाकर देखें तो पता लगेगा कि यह सारीा पैसा फर्नीचर, बिल्डिंग और वाईस चांसलर के आफिस को एयर कंडी ांड करने के ऊपर खर्च किया गया होगा। इस पैसे मैं से आम विद्यार्थी के ऊपर कुछ खर्च नहीं किया गया होगा। जनता सरकार के बनने के बाद आखिर क्या परिवर्तन आया। अगर हम भी उसी ढांचें पर चलते रहे तो उस सरकार और हमारी सरकार में फर्क ही क्या रहा। पहली वाली सरकार और आज की जनता सरकार में कोई अन्तर नहीं रह जाता(ाोर)। मैं ि ाक्षा के सन्दर्भ में बड़ी नम्रता के साथ निवेदन करना चाहता हूं कि ि ाक्षा का सारे का सारा ढांचा बदलना चाहिए और यूनिवर्सिटी पर कम से कम खर्च करना चाहिए और उसके प चात् जो पैसा बचे उसे यूनिवर्सिटी पर खर्च करना चाहिए। लोक नायक श्री जय प्रका ा जी ने ि ाक्षा के बारे में आना एक सुझाव दिया है कि हायर एजुके ान में तो जो धनी लड़के है वे अपना खर्चा अपने आप बर्दा ात कर लेंगे। जो बहुत गरीब विद्यार्थी है उनके लिए

स्कौलरि ाप की व्यवस्था होनी चाहिए। उनकी हर प्रकार से सहायता की जानी चाहिए।

इसके साथ ही साथ मैं एक बात और आपके ध्यान में लाना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे हरियाणा में तीन हजार से अधिक प्राइमरी और हाई स्कूल है और इनमें लाखों बच्चें पढ़ते है। मुझे पता लगा है कि इनके खेल–कूद के लिए, इनके भाारीरिक विकास के लिए लगभग एक करोड़ रूपए की व्यवस्था बजट मैं की गई है। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां राई में मोती लाल नेहरू स्पोट्र्स स्कूल है वहां पर दो सौ या अढ़ाई सौ अमीर घरानों के बच्चें पढ़ते है। मुझे पता लगा है कि इस एक करोड़ में से 75 लाख रूपया तो इस स्कूल के बच्चों पर खर्च कर दिया जाता है और बाकी 25 लाख रूपया सारे हरियाणा के लाखों बच्चो पर खर्च कर दिया जाता है। कैसी अजीब बात है कि जहां पर अमीर घरानों के बच्चे पढ़ते है और वे भी केवल दो सौ या अढ़ाई सौ वहां पर तो 75 लाख रूपया खर्च करते है और जहां हरियाणा के किसान के बच्चें, मजदूरों के बच्चे, आम गरीब आदमी के बच्चे पढ़ते है वहां केवल 25 लाख रूपया खर्च होता है। इससे बड़ा अन्याय उन गरीब बच्चों के साथ और क्या हो सकता है। मैं चाहता हूं कि ि ाक्षा मंत्री इस मांग के बारे में जवाब देते समय इसके संबंध में बताएं और सदन को वि वास दिलाएं कि हरियाणा की धरती पर इस प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

अगली डिमांड नं0 12 है जो श्रम तथा रोजगार के बारे में है। उपाध्यक्ष महोदय, आज सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। आप किसी भी गांव में घुस जाइए, जब हम फक्कड़ थे तो उस वक्त तो कोई नहीं पूछता था लेकिन आजकल कहीं चले जाते है तो एम0 एल0 ए0 के नाते लोग समझते है कि हम लोग कोई सिफारि ा कर देंगे तो नौकरी लग जाएगी। आजकल बेरोजगारी कि बहुत बुरी हालत है। उपाध्यक्ष महोदय, जैसे–जैसे हम ि ाक्षा का विस्तार कर रहे है और उच्च ि ाक्षा दे रहे है बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वर्श के अन्दर इन आई0टी0आईज0 में सौ अथवा दो सौ बच्चों को ट्रेनिंग देने की व्यवस्था होगी लेकिन क्या इससे हम बेरोजगारी की समस्या को हल कर पाएंगे। क्या हमारे बच्चे इन आई0टी0आइज0 से ि ाक्षा ग्रहण करने के प चात् अपने पैरों पर खड़े होने लायक बन जाएंगे? क्या उनके पास ऐसे साधन है जो ट्रैनिंग ली है बेकार फिर रहे है। उनके पास अपने काम आरम्भ करने के लिए साधन नहीं है अगर वे कोई काम आरम्भ भी करते है तो उनकी चीज के लिए मार्किट में भी कही थी और आज सदन में भी कना चाहता हूं कि जब तक हम अपनी इकौनौमी में अपनी अर्थव्यवस्था में कुछ बड़ा परिवर्तन नहीं लाएंगे, कुछ सैक्टर्ज को ईयरमार्क करके ग्रामीण धंधों के लिए अथवा कुटीर उद्योगों के लिए नहीं रखेंगे तब तक रोजगार की समस्या का कोई समाधान नहीं हो सकता। आज बेरोजगारी की कितनी भयंकर समस्या है। अभी कुरूक्षेत्र जिले में कौआप्रेटिव सोसायटिज में क्लबों और मिनि बैंकों में

मैनेजरों की चालीस पोस्टें थी। उपाध्यक्ष महोदय, इन चालीस स्थानों के लिए 15 हजार ऐप्लीके ांज आई। इतनी गम्भीर समस्या बेरोजगारी की है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि हम तमाम बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे सकेंगे बल्कि इन लोगों के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है.....

चौधरी संत कंवरः आन ए प्वायंट आफ आर्डरर, डिप्टी स्पीकर साहब,* * * * * * * * * * * * * * * मिनि बैंक्स में बैंक मैनेजरों के लिए 15 हजार ऐप्लीके ांज नहीं आई है। ये गल्त कह रहे है (ाोर)।

स्वामी अग्निवे ाः उपाध्यक्ष महोदय मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इस बारे में हमें कोई फैसला लेना पड़ेगा। गरीब, निर्धन विद्यार्थियों और नौजवानों को हम रोजगार दे पाएंगे ऐसी आ ाा दिखाई नहीं पड़ रही है। सरकार सब को नौकरी, जिसे हम व्हाइट कालर जोब कहते है, नहीं दे पाएगी। इनको रोजगार देने का एक ही तरीका है कि इन लोगों को मार्किट प्रोवाइड कर दें। कपड़े की मार्किट, साबुन की मार्किट और जूते की मार्किट इन तीन चीजों की मार्किट हम इनको प्रोवाइड कर दें। इन तीन चीजों के लिए हम यह आर्डर कर दें कि लार्ज स्केल की इन चीजों के लिए जो इंडस्ट्रीज है उनकी चीजें हरियाणा के अन्दर नहीं आएंगी। मैं कहना चाहता हूं कि आप मेरे सुझाव पर गम्भीरता से विचार करें। मैं यह चाहता हूं कि यदि हम कानून बना दें कि हरियाणा के अन्दर मिलों का बना हुआ कपड़ा

इस्तेमाल नहीं होगा, फैक्टरी या कम्पनी के बने हुए जूते की दुकानें नहीं होगी। जो भी जूता यहां बिकेगा वह गांव के लोगो के हाथ का बना हुआ होगां जो साबुन होगा वह हिन्दुस्तान लिवर कम्पनी का नहीं होगा बल्कि गांव के लोगों द्वारा बना साबुन हरियाणा में बिकेगा। मिल का कपड़ा हरियाणा में नहीं बिकेगा बल्कि हाथ की खड्डी से बुना हुआ कपड़ा बिकेगा। अगर आप इस बात को प्रोटैक ान नहीं देते है तो किसान का लड़का, हरिजन का लड़का उन मिलों के द्वारा बनाए हुए माल का मुकाबला नहीं कर सकेगा और मुकाबला न करने की वजह से उसका माल नहीं बिकेगा और बड़े–बड़े इंडस्ट्रीयलिस्टस, बड़े–बड़े सरमायेदार उनको निकाल कर बाहर कर देंगे। इसलिए मेरी आपके द्वारा डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार से प्रार्थना है कि अगर हम वास्तव में रोजगार की समस्या का समाधान करना चाहते है तो हमें कोई कठोर निर्णय करना पड़ैगा तभी यह रोजगार की समस्या का हल हो सकेगा। उपाध्यक्ष महोदय, आजकल जो नौकरियों के लिये इंटरव्यू का सिस्टम चल रहा है, कम से कम मेरी तो उससे तसल्ली नही हो रही है। आज हरेक जगह पर सिफारि ाों के बल पर नौकरियां मिल रही है। आज भी उसी पूंजीवाद के ढ़ांचें से ये लोग चल रहे है इसलिये हमें सारा सिस्टम ही बदलना होगा तभी इस दे ा की भलाई हो सकती है और मैं यह चाहूंगा कि नौकरियों में बिल्कुल मैरिट के आधार पर ही चला जाए तो बेहतर होगा, वह भी केवल नम्बर और किताबों की पढ़ाई के ऊपर ही नहीं बल्कि श्रम और उत्पादक श्रम का भी नौकरी देते समय ध्यान

रखा जाना अनिवार्य होना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, इसके साथ–साथ हमें ि ाक्षा के स्तर को, ि ाक्षा के कनटैन्ट को बदलना होगा। जो ि ाक्षा हम पढ़ा रहे है उससे हम बच्चों को मिलावट खोर बना रहे है, मुनाफाखोर बना रहे है। डिप्टी स्पीकर साहब, आने भी अपनी कालेज की ि ाक्षा के दौरान यह अनुभव किया होगा और आज भी कीन की इकनामिक थ्यूरी हमारे कालेजों के अन्दर पढ़ाई जा रही है, कीन की थ्योरी जो प्रोफिट मैक्सीमाईजे ान से भाुरू होती है, अनलिमिटेड वान्टस की थ्यूरी से जो भाुरू होती है और वह यह मानकर चलते है कि अधिकाधिक मुनाफा कमाना ही किसी मूल एक्टिविटी का मूल आधार है। आप ही देख सकते है कि ऐसी ि ाक्षा हमें कहां पर लाकर खड़ा कर देगी और हम किस प्रकार के समाजवादी ढ़ांचें की रचना कर पाएंगे।

श्री उपाध्यक्षः स्वामी जी, आपका समय समाप्त हो रहा है।

स्वामी अग्निवे ाः उपाध्यक्ष महोदय मैं अपनी बात को उपसंहार की तरफ ले जाते हुए आदरणीय मुख्य मुंत्री महोदय से यह निवेदन करना चाहूंगा कि यदि हम कुछ मौलिक परिवर्तन की आकांक्षाएं लेकर आये है तो इन अनुपूरक मांगों के रूप में चरित्र उभर कर सामने आना चाहिये। मुझे यह पढ़कर उपाध्यक्ष महोदय ऐसा लगा कि जैसे पहले 30 सालों में यह अनुपूरक मांगें आईज नोज कहकर पास होती रही, अगर अब भी ऐसा ही कह कर हम

बैठ जाएं तो जो जनता की आकांक्षाएं है, जो जनता ने इस सरकार से उम्मीदें लगा रखी हैं, वे पूरी नहीं होंगी और जिस काम के लिए जनता ने हमें यहां पर भेजा है, वह काम भी पूरा नहीं हो पाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं समाज कल्याण और पूनर्वास के बारे में कुछ कहना चाहता हू। इस में हमारी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिये सामूहिक बीमा योजना का जिक किया है जिसके अन्तर्गत तमाम सरकारी कर्मचारियों का बीमा किया जाएगा। अच्छी बात है, इस बारे में मेरे या किसी और के दो मत नहीं हो सकते। लेकिन फिर वही सवाल प्रायरिटी का उत्पन्न होता है, सेन्स आफ प्रायरिटी का सवाल पैदा होता है और यह जब तक हमारी सरकार के अन्दर नहीं होगा तब तक हम किसी का भी भला नहीं कर पाएंगे। किस का बीमा पहले होना चाहिये, किस का बीमा नम्बर दो पर होना चाहिये, किस का बीमा नम्बर तीन पर होना चाहिये, सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। हमारे देहातों में हमारा गीब किसान जो सर्दी गर्मी में अपनी हड्डिया गलाता है, फसल पैदा करता है और जब औले पड़ जाते है तो उसकी सारी फसल बरबाद हो जाती है उस किसान के लिये कभी हमने सोचा है कि इस का भी बीमा होना अनिवार्य है? उसके प ाुओं का कभी सोचा है? गरीब किसान के प ाु मर जाते है, बीमारियां फैल जाती है, और हर साल बाढ़ भी आती है जिसके ऊपर गरीब किसान का कोई जोर नहीं कि इसकी रोक

कर सके उस बेचारे किसान को प्रकृति के प्रकोप के साथ इस विना ा लीला का प्रकोप भी सहन करना पड़ता है, कभी सरकार ने इन गरीब किसानों की तरफ देखा है कि उन बेचारों का भी बीमा होना चाहिये, इन मेहनतक ा लोगो की तरफ भी सरकार को खास ध्यान देना चाहिये, इन लोगों के जीवन रक्षा के लिये भी सरकार को कोई न कोई उपाय करने चाहियें। उधर जो दफ्तरों मैं पंखों के नीचे, टेबल के ऊपर कलम चलाकर जो काम करने वाला सरकारी कर्मचारी है, मेरा उनके प्रमि कोई ऐसा विचार नहीं है, उन कर्मचारियों के लिये सरकार ने बहुत सी सुविधाएं प्रदान कर रखी है, मैं तो केवल उन लोगों का जैसे गरीब किसान, गरीब मजदूर से जो किसान हल चलाता है, जो मजदूर हथौड़ा चलाता है, जरा मुकाबला करता हूं। जैसे आज से 30 साल पहले अंग्रेज जाने से पहले जी चाहते थे, वही हम सब में एक दूसरे के प्रति व्हाईट कालर्ज और मेहनत करने वाले मजदूर के दरमियान दूरी कायम है इसलिये मैं यहां पर अपनी बात को समाप्त करते हुए यह चाहूंगा कि जहां पर हम राज्य के सरकारी कर्मचारियों के जीवन के बीमे का प्रावधान करें वहां पर मैं यह भी चाहूंगा कि किसान की फसल का, उसके पु ाुओं का भी बीमा करना नि चत रूप से अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं होता तो ऐसा लगेगा कि जो वर्ग पहले से सुविधा प्राप्त है, जो पहले से आर्गेनाइज्ड लोग है, केवल उन्हीं की आवाज हम सुनने के लिए तैयार है पीड़ित और भाोशित जो गरीब लोग है उनके प्रति हमें कोई सहानुभूति नहीं हैं, हम

उनकी आवाज बिल्कुल सुनने के लिये तैयार नहीं है, और न ही उनके लिये हम कुछ करना चाहते है। धन्यवाद।

श्री रघुनाथ गोयल(कैथल): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका बड़ा ही धन्यवादी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। सब से पहले मैं अपने हल्के के गांवों की सड़कों के बारे में जिक्र करना चाहता हूं कि वहां पर जो एक–एक किलामीटर की छोटी–छोटी सड़क है, वे बहुत ही खराब हालत में है, लोग उनके ऊपर चल फिर नहीं सकते, इसलिये मैं आपके द्वारा सरकार से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि उन सड़कों को जल्दी से जल्दी प्रायरिटी बेसिज पर पहले बनाया जाए ताकि लोगों को आने जाने में असुविधा न हो।

डिप्टी स्पीकर साहब, दूसरी बात यह है कि हमारे कैथल में आई0टी0आइज0 है जिनके लिये हमने डाक्टर साहब से भी कहा था कि वे हमारी चारों की चारों फिर से खुलनी चाहिये। ि ाक्षा के बारे में जैसे अभी स्वामी जी ने कहा कि हमारे वक्त में एक धर्म ि ाक्षा का पीरियड लगा करता था जिससे बच्चों का चरित्र बहुत उज्ज्वल और ऊंचा होता था, वैस स्थिति भी आजकल स्कूलों में होनी चाहियें मतलब कि हरेक स्कूल में एक पीरियड धर्म ि ाक्षा का अव य लगना चाहिये ताकि जिस से बच्चों का चरित्र ऊंचा हो सके लेकिन आजकल स्कूलों में सिवाये झगड़े और हो–हुल्लड़ के और कुछ नहीं सिखाया जाता। मैं आपके द्वारा सरकार से यह कहना चाहता हूं कि इस तरह की बातें स्कूलों में

बंद करवाई जाएं जिससे कि बच्चों पर बुरा असर पड़ता है और ि ाक्षा का स्तर जो है, उसको और ऊंचा उठाया जाए ताकि बच्चों का अपना स्तर भी ऊंचा हो। धन्यवाद।

श्रीमती सुशमा स्वराज(अम्बाला छावनी): उपाध्यक्ष महोदय, इस समय सदन में सप्लीमैंट्री बजट पर बहस चल रही है। मांग नम्बर 8 जो कि एक चाजर्ड आईटम है मेरी राय मैं उस पर बहस करना ज्यादा वांछनीय नहीं होगा इसलिये जो वोटिड आईटमज है उनमें से कुछ के ऊपर मैं अपने ख्यालातों को इजहार करना चाहूंगी। सबसे पहले मैं मांग नम्बर 9 पर बोलना चाहूंगी जोकि ि ाक्षा से संबंधित है उपाध्यक्ष महोदय, मेरे सदन के साथी स्वामी अग्निवे ा जी ने बड़ी ही बखूबी के साथ एक प्र न को यहां पर उठाया है जिसको भाायद मैं सब से पहले इस सदन में रखना चाह रही थी। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे हैरानी होती है यह कहते हुए कि पिछली बार बजट निर्धारित करते समय तमाम हरियाणा के स्कूलों की मुरम्मत के लिए 20 लाख रूपये की रा ाी का प्रावधान न किया गया और आज केवल मात्र एक महर्शि वि वविद्यालय, रोहतक के लिये सीमा निर्धारित करते समय 65 लाख रूपये दिये जा रहे है और फिर इसके बाद अगली सप्लींमैंट्री ऐस्टीमेंट्स में इसी के कम के साथ इसी तरह के और रूपये का प्रावधान होने वाला है। उपाध्यक्ष महोदय, वैसे यह मसला पहले ही सदन के सामने रखा जा चुका है कि आज हमारे प्राईवेट स्कूलों की हरियाणा में क्या द ाा है। स्वामी जी ने तो भाायद

किसी एक स्कूल के एक कमरे में पांच कक्षाएं लगती देखी है लेकिन मैं बताती हूकि हमारे हरियाण के देहात में इस तरह के स्कूल्ज भी है जहां एक भी कमरे के अन्दर अध्यापकगण बच्चों को देखते हुए कतराते है क्योंकि पता नहीं किस वक्त, किस क्षण उस स्कूल की छत गिर जाएं और बच्चों का खातमा हो जाए, इसी कारण वे बेचारे बच्चे आका ा की छत के नीचे बैठते है और जब–जब बरसात आती है तो उन बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है। इतनी बुरी हालत आज हरियाण में स्कूलों की है और जब तमाम हरियाणा के स्कूलों में ऐसी हालत है तो इसी लिये हम वहां पर बच्चों को अच्छा वातावरण पढ़ाने के लिए नहीं दे पा रहे है। और जब हमारे हरियाणा के स्कूलों की ऐसी हालत हो तो ऐसे वक्त मैं हम महर्शि दयानंद वि ववविद्यालय को 65 लाख रूपये की रा ाी देकर एक प्राथमिकता निर्धारित करने जा रहे है। मेरा कहने का मतलब यह नहीं कि यह 65 लाख रूपये की रा ाी वि ववविद्यालय को न दी जाए बल्कि मुझे खु ाी होती है अगर इस रूपये के साथ हरियाणा के तमाम स्कूलों की मुरम्मत के लिये रा ाी दी जाती और जिन गांवों में स्कूल नहीं हैं, वहां पर स्कूलों को बनाये जाने के लिये सप्लीमैंट्री ऐस्टीमेटस में प्रावधान किया जाता। इसके साथ–साथ उपाध्यक्ष महोदय, मैं ि ाक्षा विभाग में हुई अनियमितताओं की रतफ आपका और ि ाक्षा मंत्री महोदय का ध्यान आकर्शित करना चाहती हूं जिसके कारण पैसे की बरबादी भी हो रही है और लोगों को काफी असुविधा भी हो रही है। सब से पहले उपाध्यक्ष महोदय, मैं टीचर्ज की तरफ आपका ध्यान

दिलाना चाहूंगी कि आज हरियाणा में कम से कम 200 टीचर्ज ऐसे है जहां पर हिंदी टीचर्ज के स्थान पर एस0 एस0 मास्टर लगाये हुए है। उपाध्यक्ष महोदय मेरा कहना केवल यह नहीं कि एक कैटेगरी के टीचर वहां पर न लगाकर दूसरी कैटेगरी के टीचर्ज वहां लगाये है। मैं आपको बताती हूं कि हिंदी टीचर्ज का ग्रेड 125–5–250 का है और सिलेक ान ग्रेड 250–350 का है जबकि एस0 एस0 मास्टर्ज को हिंदी टीचर्ज की जगह लगाया है। उसका ग्रेड 220–8–300–10–400 का है और सलेक ान ग्रेड 420–500 का है यानि कि एक वह जगह जहां पर कि एक हिन्दी टीचर 125 रूपये में काम कर सकता है वहां पर एस0 एस0 मास्टर काम कर रहा है जिसको हम 220 रूपये देते है। इस से केवल मात्र पैसे की बरबादी तो हो ही रही है बल्कि यह भी हो रहा है कि ट्रेन्ड हिंदी टीचर जो है जो ट्रेनिंग लेकर आए है आज वे हरियाण की सड़कों पर घूम रहे है और वे एस0 एस0 मास्टर्ज जिन्होंने केवल मैट्रिक तक हिंदी पढ़ी है उनमें से भाायद किसी एक दो ने बी0 ए0 तक हिन्दी पढ़ी हो जो कि इस प्रकार की ि ाक्षा देने में माहिर भी नहीं है, वे लोग आज नौकरियों मैं विराजमान है, इस प्रकार से सरकार के पैसे की बरबादी हो रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, इसी तरह से साईंस टीचर्ज की जगह भी एस0 एस0 मास्टर लगाए हुए है। मैं मानती हूं कि दोनों टीचर्ज का ग्रेड सेम है, दोनों कैटेग्रीज में पैसे का कोई फर्क नहीं है.....।

Development Minister(Shri Lachhman Singh): On a point of Order. Is the Hon'ble Member speaking on the demand on University grant? There can be no general discussion.

Mr. Deputy Speaker: I would request the Hon. Member to speak on the demands under discussion.

श्रीमती सुशमा स्वराजः सरदार लछमन सिंह जी जरा सप्लीमैंटरी एस्टीमेटस की किताब को उठा कर देखें, उनको पता लग जाएगा कि जो 277 हैड है वह ि ाक्षा विभाग का है। मैं ि ाक्षा विभाग से संबंधित ग्रांट पर बोल रही हूं। उपाध्यक्ष महोदय, सिर्फ इसलिए कि यहां पर यूनिवर्सिटी का नाम आ गया इसलिए ये समझ बैठे कि मैं यूनिवर्सिटी की ग्रांट के ऊपर बोल रही हूं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं बता रही थी कि साईंस टीचर्ज की जगह एस0 एस0 मास्टर्ज लगाए हुए है। मैं मानती हूं कि जो ग्रेड साईंस टीचर का है वहीं एस0 एस0 मास्टर्ज जो साईंस की ि ाक्षा से पारंगित नहीं है, साईंस जिन्होंनें पढ़ी नहीं वे हमारे हरियाणा के स्कूलों में बच्चों को साईंस पढ़ा रहे है। यह बात भी नहीं है कि साईंस मास्टर्ज अवेलेबल नहीं है बल्कि साईंस की ि ाक्षा में पारंगित साईंस टीचर्ज आज हरियाणा की सड़को पर घूम रहे है और उनकी जगह एस0 एस0 मास्टर्ज लगाए हुए है। मैं ि ाक्षा मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहती हूं कि अगर यह धांधली खत्म हो जाएगी तो बच्चों को सही पढ़ाई मिल पाएगी और वे बेरोजगार लोग जो आज ट्रेंड होने के बाद भी सड़कौं पर घूम रहे

है उनको भी रोजगार मिल जाएगा। इसके साथ–साथ जो ि ाक्षा विभाग में पैसें की बरबादी हो रही है वह बर्बादी भी बच जाएगी। उपाध्यक्ष महोदय, ि ाक्षा विभाग के बारे में दूसरा सुझाव मैं यह देना चाहती हूं कि आज के समय में हरियाणा प्रदे ा के टीचर्ज की वौलंटरी रिटायरमैंट की ऐज 25 वर्श की नौकरी से पहले नहीं ले सकता। जबकि पंजाब और राजस्थान यह अवधि घटा कर 20 वर्श कर दी गई है। मैं ि ाक्षा मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि अगर वे भी इस अवधि को घटाकर 20 वर्श कर दें तो आप यह देखिए कि एक तो उनको पैं ान कम जाएगी दूसरे जो जगह खाली होगी उन पर बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। यदि इच्छा से कोई आदमी जाना चाहता है तो उसको यह अवसर क्यों न प्रदान किया जाए? सरकार का इसमें कोई हर्ज नहीं होगा बल्कि सरकार को तो और ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी और ज्यादा अवसर मिलेंगे बेरोजगार लोगों को रोजगार देने के और उपाध्यक्ष महोदय, वे जो नए लगे हुए लोग होंगे उनको तनखाह भी कम देनी पड़ेगी क्योंकि 25 साल की सर्विस के बाद इंक्रीमेंट लगने के कारण आदमी ज्यादा तन्खाह पाता है। इसलिए मैं ि ाक्षा मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि अगर वे वौलंटरी रिटायरमैंट की अवधि 25 वर्श से घटा कर पंजाब और राजस्थान के पैटर्न के ऊपर 20 वर्श कर दें तो उससे सरकार को पैसे की भी बचत होगी और बेरोजगार लोगों को रोजगार भी मिलेगा और सरकार भी ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के अवसर प्रदान कर सकेगी। उपाध्यक्ष महोदय, तीसरी बात जो ि ाक्षा के संबंध में मैं कहना चाहती हूं

वह टीचर्ज के मैडीकल अलाउंस के बारे में है इस वक्त हमारे यहां एक ऐसा प्रावधान है कि टीचर्ज मैडीकल बिल दिखाकर रि–इम्बर्सनैंट लेते है। ठीक है यह प्रावधान दूसरी नौकरियों में भी चल रहा है लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, हमें प्रैक्टीकली भी देखना पड़ेगा कि इसका हमारे ऊपर क्या असर हो रहा है। आज हरियाणा में हालत यह है कि भाहरों में रहने वाले टीचर तो मैंडीकल रि–इम्बर्समैंट लेते है और यहां तक भी देखने में आया है कि एक–एक महीने में डाक्टरों से बिल बनवा कर तीन–तीन सौ रूपए का मैडीकल रि–इम्बर्समैंट भाहरों में रहने वाले टीचरों ने लिया है जबकि देहात में रहने वाले टीचर इससे बिल्कुल वंचित हो जाते है ओर कोई भी मैडीकल रि–इम्बर्समैंट उनको नहीं मिल पाता। इसलिए मैं ि ाक्षा मंत्री जी को यह सुझाव देना चाहती हूं कि वे अगर इस मैडीकल अलाउंस को फिक्स कर दें, पे के साथ दे दें तो जो तीन–तीन सौ और चार–चार सौ रूपए महीने के उनको फिजूल में फर्जी बिलों के देने पड़ते है उनसे बच जाएंगे और भाहर और देहात दोनों के टीचर यह मैडीकल अलाउंस वसूल कर सकेंगे।

अब उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नं0 12 को लूंगी जो कि श्रम और रोजगार से संबंधित है। जो आई0टी0आई0 सैंटर्ज यहां खुलने वाले है वह ठीक है और बड़ी अच्छी बात है। इनसे रोजगार के लिए ि ाक्षा दी जाएगी, तकनीकी ज्ञान दिया जाएगा। अगर कोई साधन सम्पन्न नहीं होगा तो बाद में उनको अगर कर्जे

इत्यादि दिलवाए जाएं तो वे लोग अपना काम करने मैं भी दक्ष हो जाएंगे। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, ये केवल दो सैंटर्ज खुल रहे है 14 लाख 98 हजार रूपए की लागत सें न मालूम किस प्रकिया से इन सैंटर्ज को खोलने के लिए जिला सिरसा और सोनीपत चुने गए है। आप ने देखा कि सदन में यह सवाल बार–बार उठता है चाहे वह सड़कों का हो, चाहे पीने के पानी की समस्या हो और चाहे बिजली की समस्या हो और चाहे बिजली की समस्या हो यानी किसी भी तरह के अगर प्रौजैक्ट देने की बात आती है तो सदन के सभी लोगों के मन में इस तरह की भावना आ जाती है कि बाकी जिलों के साथ पक्षपात किया जा रहा है। बार बार कोई न कोई ऐसा प्रोजैक्ट सामने आ जाता है जिससे भेदभाव की भावना की ज्यादा गंध मिलती है। इस बार भी हमने देखा कि 14 लाख 98 हजार रूपए की लागत से सैंटर्ज खुल रहे है केवल सिरसा और सोनीपत में और उसमें भी आप देखें कि जो सिरसा में सैंटर खुल रहा है वह तो 9.67 लाख रूपए से खुल रहा है और जो सोनीपत में खुल रहा है वह 5.31 लाख रूपए की लागत से खुल रहा है यानी इन दो सैंटर्ज में भी दुभाव किया गया है कि बड़ा सैंटर तो सिरसा जिला में खुल रहा है और छोटा सैंटर सोनीपत जिला मैं खुल रहा है। मैं अपनी सरकार से निवेदन करना चाहूंगी कि इन सैंटर्ज के खुलने से हमें किसी तरह का कोई एतराज नहीं है लेकिन इस तरह के सैंटर्ज खोलते वक्त हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय आप जानते है कि न्याय केवल किया नहीं जाना चाहिए बल्कि लोगों

को यह लगे कि हमारे साथ न्याय हुआ है। इसलिए इस चीज को सामने रखते हुए बाकी हरियाणा के जिलों को भी मद्देनजर रखा जाए और इस तरह के सैंटर्ज और जगह भी खोलने का प्रावधान किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, एक बात मैं और कहना चाहती हूं कि श्रम और रोतगार की मद के तहत एक चीज जो मैं चाहती थी कि भाायद सप्लीमैंटरी एस्टीमेट्स में आए, वह नहीं आई है। आपको मालूम है कि काफी दिनों से डालमिया दादरी सीमेंट लिमिटेड में हड़ताल चल रही है। वहां 33 दिनों की हड़ताल चली और 19 दिनों का धरना भी चला। वहां के मजदूरों को तनखवाह नहीं दी गई, उनको बोनस नहीं दिया गया। उन मजदूरों की डिमांड है कि उन को पुराने पैसे की अदायगी की जाए। उपाध्यक्ष महोदय, समय कम है मैं उस सारी तफसील में नहीं जाना चाहूंगी कि किस तरह से वह दादरी सीमेंट लिमिटेड बंद हुई, किस तरह से उसमें घपला हुआ, किस तरह से वहां के उद्योगपति पैसा निकालकर केवल मात्र लाइबिल्टी सरकार पर छोड़कर चले गए। इस तरह की तफसील से मैं अगर चली गई तो सदन का काफी समय लग जाएगा। इसलिए सदन के समय का पूरा ध्यान रखते हुए मैं इसकी तफसील में नहीं जाना चाहती। लेकिन एक बात मैं ि ाक्षा मंत्री जी से जरूर कहना चाहूंगी क्योंकि वे लेबर मिनिस्टर भी है कि बार–बार केंद्र की तरफ से हरियाणा सरकार को अगाह किया गया है, केंद्रीय उद्योग मंत्री जार्ज फर्नांडीज ने स्वयं इस बात से अगाह किया है पैसा देना है वह दे कर के इन मजदूरों की हड़ताल और धरने को

समाप्त करवाया जाए। इन लोगौं को पूरे पैसे की अदायगी की जाए। आज मैं अपने श्रम मंत्री महोदय से दर्खास्त करूंगी कि उस पैसे को जल्दी से जल्दी प्रावधान करवाएं। यह तो परम्परा है कि पैसा पहले दे दिया जाता है और उसकी मंजूरी हम से बाद में ले ली जाती है इसलिए इस चीज को सदन में रखन की जरूरत नहीं है। इसलिए सबसे पहले उन मजदूरों का जो बरेनस और पुरानी तनखाह रूकी पड़ी है उसकी अदायगी की जाए ताकि हम वास्तव में रम हित कर सकें। इसके बाद उपाध्यक्ष महोदय सो ाल वैल्फेयर की दो डिमांडज है मैं इन दोनों डिमांडों के बारे में कुछ खास नहीं कहूंगी। इनमें से एक तो 8 लाख 86 हजार रूपए की इंटेगरेटिड चाइल्ड डिवैल्पमैंट स्कीम है और एक 8 लाख 86 हजार रूपए की ग्रुप इं ाोरेंस की स्कीम है। इनके बारे में एक बात मैं जरूर कहूंगी और भाायद समाज कल्याण मंत्री जी ने भी इस बात को देखा हो कि हमारे यहां एक पैं ान स्कीम है। इस स्कीम के अन्तर्गत जो विधवाएं होती है, जिन लोगों का कोई वाली–वारिस नहीं होता उनके लिए पैं ान का प्रावधान किया जाता है। उपाध्यक्ष महोदय पहले यह पैं ान 25 रूपए महीना दी जाती थी लेकिन बाद में बढ़ा कर यह 50 रूपए कर दी गई लेकिन यह नहीं देखा गया कि अगर 25 रूपए दिए जाते है तो वह 500 आदमियों को मिलेंगे और 50रूपये कर दिए जाएंगे तो वह 250 आदमियों को मिलेंगे। इसलिए इन्होंने पैं ान की अगर रकम बढ़ाई है तो उसके साथ–साथ टोटल रकम को भी बढ़ाएं ताकि वह रकम उतने लोगों को ही मिल सके। मैंने खुद समाज

कल्याण मंत्रालय का भार संभाला था और देखा था कि 800 से भी ज्यादा एप्लीके ांज ऐसी पड़ी है जो मंजूर भाुदा है लेकिन उनको पैं ान नहीं मिल रही है अब आप यह देखें कि एक आदमी जब अपनी एप्लीके ान देता है तो सरकार की स्कीम को सामने रख कर देता है। अर्जी मंजूर होने के बाद पावती की रसीद आ जाती है और उसको लिख दिया जाता है कि तुम्हें पैं ान दे दी जाएगी। यह सूचना पाकर वह सरकार का बड़ा गुण्गान करता है कि उसे सरकार से पैसा प्राप्त होगा लेकिन दुर्भाग्य की बात है वह दो–दो, तीन–तीन साल तक प्रतीक्षा करता रहता है लेकिन उसक कोई पैसा नहीं मिलता।

श्री उपाध्यक्षः आपका समय हो गया है, आप समाप्त करें।

श्रीमती सुशमा स्वराजः मैं बोलते समय सदन के समय का पूरा ध्यान रखती हूं और सारा सदन इस बात को जानता है कि मैंने कोई प्वायंट ऐसा नहीं कहा जिसको दोहराया गया हो। मैं कह रही थी कि एक आदमी जिसकी अर्जी मंजूर हो जाती है, उसको पैं ान मिलनी चाहिए लेकिन नहीं मिलती। मैं श्रम मंत्री से गुजारि ा करूंगी कि इनके लिए जल्दी से जल्दी पैसे का प्रावधान करें और जो अर्जिया मंजूर पड़ी है उनका भुगतान फौरी तौर पर करने का प्रबंध करें।

इसके अतिरिक्त मांग संख्या 25 के अन्तर्गत सरकार ने डेढ़ करोड़ रूपया मिल मालको ं को ऋण के तौर पर दिया ताकि वे गन्ना उत्पादकों के पैसे की अदायगी कर सकें। जनता सरकार के आने के बाद, सरकार ने गन्ने का भाव साढ़े 13.50 रूपए नियत किया था और यह जानकर किसान को बड़ी भारी खु ाी अनुभव हुई थी कि उनको गन्ने का मूल्य अधिक मिलेगा लेकिन बाद मैं उनके चेहरे पर निरा ाा के चिन्ह आ गए क्योंकि उनकी सारी की सारी पेमैंट आउटस्टैंडिंग हो गई। मिलों के पास देने के लिए पैसा नहीं था। मुझे यह जानकर खु ाी हुई कि हमारी सरकार ने इस समस्या का समाधान करने के लिए डेढ़ करोड़ रूपए का ऋण मिल मालिको ं को देने का प्रावधान किया। अगर सरकार किसान के कश्ट का निवारण करने के लिए पूरी की पूरी रकम की अदायगी किसानों को कर देती तो मुझे और खु ाी होती और किसान जो निरा ाा के वातावरण में चल रहे है उसका समाधान होता।

कामरेड भांकर लाल(सिरसा): डिप्टी स्पीकर साहब, सदन में जो चर्चा चल रही है और जो मामला जेरगौर है, उस पर मैं एक दो बातें ही कहना चाहूंगा। आज ि ाक्षा का स्तर काफी गिर चुका है। मैं आपको सिरसा की मिसाल देना चाहता हूं। सिरसे में काफी प्राइमरी स्कूल ऐसे है जिनमें बच्चों को बैठने के लिए स्थान नहीं है, दरखतों के तले स्कूल लगता है। यह एक बहुत बड़ी मिसाल है जो यह बताती है कि स्कूलों की क्या

दुर्द ाा है। सिरसे की रेलवे कालोनी के पास, जहां इंडस्ट्रियल एरिया है और डाकखाना है, उसके पास एक प्राइमरी स्कूल मंजूर हो चुका है, मास्टर लोग तन्खाह लेते है लेकिन बच्चे दरख्तों के नीचे बैठते है, एक पीपल के पेड़ के नीचे स्कूल लगता है। सरकार को फौरी तौर पर ऐसे स्कूलों की तरफ ध्यान देना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि घग्घर नदी के नजदीक कुछ गांव है। इन गांवों में मिडल स्कूल है, पांचवीं तक प्राइमरी स्कूल है। इन गांवों के बच्चे ि ाक्षा के लिए एक गांव से दूसरे गांव में नहीं जा सकते। तकरीबन तीन–चार महीने तो बिल्कुल ही नहीं जा सकते, ि ाक्षा हासिल नहीं कर सकते क्योंकि घग्घर नदी का पानी भर जाता है। मिसाल के तौर पर मल्ला गांव है, अली का गांव है, झोल नली है, अहमदपुरियां है, इनसे कोई बच्चा दूसरी जगह पर ि ाक्षा लेने के लिए नहीं जा सकता, चाहे बच्चे पांचवीं में पढ़ते हो, चाहे आठवीं में पढ़तें हों, चाहे कालेज मैं पढ़ते हों, वे तीन–चार महीनें कहीं नहीं जा सकते क्योंकि घग्घर नदी का पानी जोरों पर रहता है। वहां पर कोई भी स्कूल अप–ग्रेड नहीं हुआ, कोई सड़क भी नहीं जाती क्योंकि आज तक कोई सड़क नहीं बनाई गई। मेरे कहने का मतलब यह है कि सड़क जल्दी से जल्दी बनाई जाए। सी0एम0 साहब चौधरी देवी लाल जी इस बात को खूब अच्छी तरह से जानते है, इन्होंने खुद इन गांवों में इलैक ान लड़ा है। चौधरी देवी लाल का हलका है वह मेरे

हलके के साथ लगता है, इनको खुद पता है कि आजकल इन गांवों के बच्चे घग्घर नदी पार करके स्कूल नहीं जा सकते, उनकी पढ़ाई बंद रहती है। धनूट गांव के बच्चे बाहर नहीं जा सकते, रास्ता बहुत खराब है, चारों तरफ पानी ही पानी भरा पड़ा है। सिरसा भाहर के अन्दर स्कूल की कोई बिल्डिंग नहीं है, पीपल के दरख्त के नीचे स्कूल लगता है। मैंने यह बात इसलिए बताई कि हमारी ि ाक्षा आज अधूरी है और सरकार पूरी तरह से इस पर काबू नहीं पा सकी है। अगर सही मायनों में बच्चों को ि ाक्षा देनी है तो सरकार वहां पर पक्का रोड़ बना दे ताकि बच्चे स्कूल आ जा सकें। ऐसा करने से घग्घर नदी के पानी सै स्कूल के बच्चे बच सकते है और उनके लिए आने जाने के साधन हो जाएंगे और ि ाक्षा हासिल कर सकेंगे।

तीसरी बात यह है कि सिरसा के अंदर एक प्राइवेट कालेज हैं। जब तक सरकार उस कालेज को अपने अंडर नहीं लेगी तब तक उसका सुधार नहीं हो सकता। उसका इन्तजाम, उसमे टीचर्ज को तन्खाहैं देने का तरीका बड़ा गल्त है, जब तक सरकार इसको अपने हाथ मैं नहीं लेगी तब तक इसमें ि ाक्षा का तरीका ठीक नहीं हो सकता। टीचर्ज को तन्खाह तीन–तीन महीने तक नहीं मिलती। प्राइवेट कालेजिज का सारे हरियाणा में यही हाल है। प्राइवेट कालेजिज की मैनेजमैंट कमेटी बनी हुई है, ट्रस्ट बने हुए है लेकिन उनमें झगड़े होते है और इसी वजह से बच्चे पढ़ाई ठीक तरह से नहीं कर पाते। इसलिए मेरी सरकार से

प्रार्थना है कि जहां सरकार ि ाक्षा के क्षेत्र में इतना पैसा खर्च कर रही है वहां इन प्राइवेट कालेजिज को अपने अंडर लेने के बारे मैं भी सोच विचार कर ताकि ि ाक्षा का स्तर ऊंचा हो सके।

चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो बढ़िया स्कूल्ज है, माडल स्कूल है, उनमैं अमीरों के बच्चें, आफिसरों के बच्चे पढ़ते है और ये स्कूल भाहरों के अन्दर ही होते है। सरकार उन स्कूलों को बंद करे। उन स्कूलों में बराबरी का, समानता का दर्जा होना चाहिए। स्कूल मैं पढ़ाई समानता की होनी चाहिए। एक गरीब हरिजन का बच्चा, एक मंत्री का लड़का, एक सेठ का लड़का और बड़े कारखानेदार का लड़का उसी स्कूल में पढ़ना चाहिए और उनकी ि ाक्षा एक होनी चाहिए, बैठने का तरीका एक होना चाहिए। उनको अच्छा बनाने के लिए, बैठने के लिए टाट बोरी देने के लिए डैस्क देने के लिए, प्राइमरी स्कूलों के अंदर सरकार पैसा खर्चें। यह मेरी आपसे प्रार्थना है। (विघ्न) मैं ज्यादा न कहते हुए इतनी बात कहूंगा कि आज के जमाने में जो हमारी ि ाक्षा का तरीका है वह समानता का हो और ि ाक्षा के ऊपर पैसा समानता से खर्च हो।

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए)

श्री उपाध्यक्षः श्री फतेह चंद विज।

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक बात जानना चाहता हूं। यह सै ान तीन

दिन का है। दो दिन हो चुके है, एक दिन बाकी है लेकिन अभी तक हमें टाईम नहीं मिला। मेरा ऐसा विचार है कि भाायद टी0 ए0, डी0 ए0 लेकर हम ऐसे ही चले जाएंगे।

श्री उपाध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं हैं लेकिन इनके बाद आपको टाईम मिलेगा।

चौधरी लाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि अगर आप टाईम दें तब तो बैठें वरना कोई और काम करते है।

श्री उपाध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

श्री फतेह चंद विज(पानीपत): डिप्टी स्पीकर साहब, इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट के खर्च करने के लिए मांग 16 और 25 में जो पैसा मांगा गया है मैं उसकी सराहना करता हूं। क्योंकि एक अच्छे काम के लिए सरकार पैसा मांग रही है।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी खुर ाीद अहमद पदासीन हुए)

चेयरमैंन साहब, हम सबको पता है कि हमारी सरकार ने देहात की जिन्दगी को ऊपर उठाने के लिए, देहात में पढ़े लिखे बच्चों और जो बच्चे किसी वजह से पूरी तरह पढ़ लिख न सकें यानी थोड़े पढ़े हुए है, उन्हे बेरोजगार बनाने के लिए देहात में इंडस्ट्रीज फैलाने का एलान कर रखा है और सरकार ने इसके

लिए खुद भी लोन दिया है तथा बैंकों से भी लोन दिला रही है। यह बहुत अच्छी बात है क्योंकि देहात के बच्चे जो सर्विस मैं नहीं लिए जा सकते वे अपना कारोबार भुरू करके अपने परिवार का और अपना पेट पाल सकेंगे लेकिन सरकार को मैं एक सुझाव जरूर दूंगा। हमारे बच्चे एक–एक या दो–दो मिल करके इंडस्ट्रीज लगा तो लेंगे लेकिन जब तक उनके उत्पादन की सेल का कोई साधन नहीं होगा, जब तक कोई ऐसा आर्गेनाईजे ान नहीं होगा जो उनके तैयार किए हुए माल को बेच सके तब तक यह काम फायदेमंद नहीं होगा। वे बच्चे आहिस्ता–आहिस्ता, जो रूपया आप देंगे या बैंको ंसे लोन दिलाएंगे उसे वापस करने की हैसियत में न होने के कारण, क्योंकि जो माल वे तैयार करेंगे वह न बिकने के कारण स्टॉक होता जाएगा, मजबूर होकर वे गांव से भागेंगे। तो मेरी सरकार से प्रार्थना है कि आप ऐसा सैल कायम कीजिए, आर्गेनाइजे ान कायम कीजिए, जो उनके माल की सेल कर सके। तब तो इसका फायदा है वरना जैसे दूसरे लोगों की कई जगह भाहरों में भी और देहातों मैं भी इंडस्ट्रीज फेल हुई है वे भी फेल होंगी।

चेयरमैन साहब, एजुके ान डिपार्टमैंट के बारे में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि भाहरों के अन्दर बहुत से प्राइमरी और मिडिल स्कूल म्यूनिसिपल कमेटीज के पास है। ये जिस वक्त पार्टि ान हुई इवैक्यू प्रोपर्टी के मकानों को किराए पर लेकर भुरू किए गए थे। किसी स्कूल का किराया दस रूपये है और किसी

का पंद्रह रूपये है। कई जगह तो लोग उन मकानों को खाली कराने के लिए कोर्ट में गए है।

श्री सभापतिः कृपया एक ख्याल रखिए कि यह यूनिवर्सिटी एजुके ान की डिमांड है और आप इसे प्राइमरी एजुके ान पर ला रहे है।

श्री फतेह चंद विजः कई जगह तो देखा गया है कि लोग बारि ाों का फायदा उठा कर मकानों पर चढ़ ताजे है और उनकी छतों की मिट्टी उखाड़ते है ताकि बच्चे वहां से निकले और वे अपना मकान ज्यादा किराए पर चढ़ाएं या बेचे। चूंकि सरकार के लिए इतने नये स्कूल बनाना मु कल होगा इसलिए मेरा सुझाव यह है कि यह इस प्रोपर्टी को ऐक्वायर करके अपने कब्जे में ले लें और उन स्कूलों की मुरम्मत करा के बच्चों के बैठने योग्य बनाए। मुझे आ ाा है कि एजुके ान मिनिस्टर साहब इस तरफ जरूर ध्यान देंगे। बस इतना कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं।

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

(इस समय बहंत से सदस्य सदन में बोलने के लिए खड़े हुए)

श्री अध्यक्षः श्री लहरी सिंह।

श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर अनुसूचित जाति): अध्यक्ष महोदय–

चौधरी गंगा रामः अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष जी यह कह कर गए है कि विज साहब के बाद मुझे समय मिलेगा। मैं दस दफा बोलने के लिए खड़ा हुआ परन्तु मुझे समय नहीं मिला। मैंने डिप्टी स्पीकर साहब से यही प्रार्थना की थी। अब चूंकि आप चेयर पर बैठें है इसलिए मुझे आप से फिर निवेदन करना पड़ेगा कि मुझे बोलने का टाईम दिया जाएं।

श्री अध्यक्षः अगर डिप्टी स्पीकर साहब, यह प्रोमिस कर गए थे तब तो पहले आपको टाईम मिलेगा।

श्री लहरी सिंह मेहराः अब तो आप मुझे खुद कह चुके है।

श्री अध्यक्षः चूंकि डिप्टी स्पीकर साहब इनसे प्रोमिज कर गए है इसलिए आप पहले इन्हें बोलने दीजिए, उसके बाद आप बोल लेना।

श्री लहरी सिंह मेहराः अब तो मैं बोल रहा हूं।

श्री अध्यक्षः मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप थोड़ी सी सैक्रीफाइस कर दीजिए। अभी आप इनको पांच मिनट बोलने दीजिए उसके बाद आप बोल लेना।

श्री लहरी सिंह मेहराः बहुत अच्छा जी।

.....

आधे घंटे की चर्चा तथा विवाद बंद करने के लिए समय बदलने संबंधी अध्यक्ष महोदय का निरूपण

Mr. Speaker: After the voting on the Demands for Supplementary Estimates there will be half-an-hour discussion on the construction of roads in general and village apprach roads in particular. If the House agrees, I will apply the guillotine at 5.30 p.m. instea of 6 p.m.

श्री लहरी सिंह मेहराः आप आधा घंटा समय बढ़ा लें।

श्री अध्यक्षः अगर हाउस टाईम ऐक्सटैंड करना चाहता है तो वह हो सकता है। लेकिन अगर आप चाहेंगे कि गिलोटींन साढ़े पांच बजे लगनी चाहिए तो वैसा कर लेंगे। (विघ्न)

श्री बलदेव तायलः ऐनफ डिस्क ान हो चुकी है।

श्री अध्यक्षः अगर एनफ डिस्क ान हो चुकी है तब तो इस डिस्क ान पर गिलोटींन साढ़े पांच बजे लग जाएगा।

आवाजेंः ठीक है जी।

श्री अध्यक्षः उसके बाद आधे घंटे का डिस्क ान रोडज के बारे में होगा।

मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वे उसके जवाब के लिए तैयारी कर लें।

अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान (पुनराम्भ)

चौधरी गंगा राम (गोहाना): अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले डिमांड नं0 16 पर अपने विचार रखूंगा। मैं पहले तो हरियाणा सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं क्योंकि इसने पिछड़े हुए इलाके, जिसको तीस साल तक किसी सरकार ने नहीं सम्भाला था, का ख्याल किया है। ऐजुके ान और इंडस्ट्री के लिहाज से गोहाना पिछड़ा हुा इलाका था। वहां इस सरकार ने आई0टी0आई0 की स्थापना की। इसके लिए मैं इसका धन्यवाद करना चाहता हूं। लेकिन इस साल इसमे दाखिले में जो कमियां रही है उन्हें भी मैं सरकार के सामने रखना चाहता हूं। सबसे पहले तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि आई0टी0आईज0 देहात में इसलिए खोले जाते है ताकि देहात के लड़के इनमें एडमि ान लेकर अपना रोजगार चलाएं क्योंकि वे सबसे ज्यादा बेरोजगार होते है लेकिन इस बार जो मैरिट लिस्ट बनी थी उसके लिहाज से 40 परसैंट देहात के लड़के भी नहीं आ सके क्योंकि रोहतक, जींद और दिल्ली के काफी पढ़े लिखे लड़कों ने भी वहां पर ऐप्लाई कर दिया था। इसलिए मैं चाहूंगा कि आई0टी0आइज0 वगैरा में या जितने भी टैक्निकल ऐजुके ान के कालेज है उनके लिए जब कभी भी मैरिट लिस्ट बनें उसमें देहात के 80 परसैंट लड़कों की मैरिट लिस्ट अलग से बननी चाहिए और भाहरों के 20 परसैंट लड़कों की मैरिट लिस्ट अलग से बननी चाहिए तभी देहात को

उनके अन्दर रिप्रैजैन्टे ान मिल सकता है। इसके अलावा मैं कहना चाहूंगा कि इस समय आई0टी0आइज0 में जो 20 परसैंट रिजर्वे ान हरिजनों के लिए और 5 परसैंट रिजर्वे ान फौजी भाइयों के लिए रखी गई है मैं उसके खिलाफ नहीं हूं लेकिन इसके बारे में एक बात जरूर में हरियाणा सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं। हरियाणा सरकार ने कुछ महीने पहले ऐलान किया था कि बैकवर्ड क्लासिज की **(17.00 बजे)** रिजर्वे ान दो परसैंट से पांच परसैंट कर दी गई हैं। लेकिन आज तक उसकी नोटिफिके ान या इतलाह किसी भी कालेज या किसी भी संस्था मैं सरकार की तरफ से नहीं गई है। अब जितने भी दाखिलें हुए है वे चाहे मैडिकल कालेज में हुए है, या एजुके ान कालेजिज में हुए है या आई0टी0आई0 में हुए हैं सभी में दो परसैंट के लिहाज से हुए है। इसलिए मैं प्रार्थना करूंगा कि पांच परसैंट बैकवर्ड क्लासिज के लिए जो रिजर्वे ान की गई थी उसकी इतलाह सभी संस्थाओं में जानी चाहिए और उसी के हिसाब से पांच परसैंट उनको सीटें मिलनी चाहिए। इसके अलावा हमारे इंडस्ट्री मिनिस्टर महोदय भी यहां पर बैठे हुए नहीं है लेकिन मैं उनसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि हरियाणा के अन्दर कोई ऐसी जगह नहीं है जहां पर एक भी इंडस्ट्री नहीं है, एक भी कारखाना नहीं है, दस्तकारी नहीं। यह इलाका हमे ाा फ्लड से डूबा रहता है, बरबाद होता रहता है। वहां पर न खेती होती है, वहां के लोग दिन पर दिन गरीब होते जा रहे है। इसलिए मैं आपके जरिये मिनिस्टर महोदय से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि वहां पर भी

